सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5853	24.03.2020	25.03.2020	**Gopalganj Bihar**	www.hindi.news18.com/Hindi https://hindi.news18.com/news/bihar/gopalganj-more-than-two-hundred-chickens-of-poultry-form-dies-at-gopalganj-brsgm-bramk-2955937.html
Title:	**More than two hundred chickens of poultry form dies in district Gopalganj, Bihar**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-**Gopalganj,** SSU-**Bihar**			

बिहार के गोपालगंज (Gopalganj) में पोल्ट्री फार्म (Poultry Form) के संचालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है. यहां पोल्ट्री फार्म में अज्ञात बीमारी से जहां सैकड़ों मुर्गियां (Chicken) मर गईं वही मरी हुई इन मुर्गियों को मिटटी में दफ़नाने की बजाय फार्म संचालक ने यूं ही लावारिस फेंक दिया.

वीडियो हो रहा वायरल:-फेंकी गई मुर्गियों की यह तस्वीर जिले के मांझागढ़ के भैसही गांव की है. NEWS 18 को एक स्थानीय युवक ने जानकारी और तस्वीरें उपलब्ध करायी. वीडियो में साफ़ देखा जा सकता है की गांव के बाहर नदी में सैकड़ो की संख्या में मृत मुर्गियां लावारिस फेकी हुई हैं. इन मुर्गियों को यूं ही नदी में सड़ने के लिए फेंक दिया गया है.

गांव के ही मुर्गी फार्म संचालक पर आरोप:- स्थानीय युवक राजेंद्र यादव के मुताबिक मांझागढ़ थानाक्षेत्र के भैसही गांव के बाहर चितरंजन सिंह का मुर्गी फार्म है. यहां अज्ञात बीमारी से करीब दो-तीन सौ मुर्गियां अचानक मर गई हैं. जिसमें से करीब डेढ़ सौ मुर्गियो को यूं ही गांव के बाहर नदी, नाले में फेंक दिया गया है. मरी हुई मुर्गियों के लावारिस फेंके जाने से बीमारी की आशंका बनी हुई है. इन मुर्गियों के शव नदी में फेंके जाने से इलाके में मक्खियों का आतंक भी बढ़ गया है.

लोगों ने की सैंपल जांच की मांग:-ग्रामीणों ने इस वीडिओ को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है और जिला प्रशासन से मृत मुर्गियों का सैंपल लेकर उसकी जांच की मांग की है. इसके साथ ही ग्रामीणों ने दोषी मुर्गी फार्म संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. बहरहाल मरी हुई मुर्गियों के लावारिस फेंके जाने से बीमारी की आशंका तो बढ़ ही गयी है इसके साथ ही ग्रामीण भी खुद को किसी अज्ञात बीमारी से असुरक्षित महसूस कर रहे है.

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर